# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**प्रथम सूचना रिपोर्ट**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0009 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 06/04/2023 18:37 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 384 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 3 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Thursday **Date from (दिनांक से):** 06/04/2023 **Date To (दिनांक तक):** 06/04/2023

**Time Period (समय अवधि):** Pahar 1 **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 00:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 06/04/2023 **Time (समय):** 17:40 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 012 **Date and Time (दिनांक और समय):** 06/04/2023 18:37 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Oral

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** NORTH, 2 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** थाना सदर, अम्बाला शहर,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** शन्टी कुमार

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** छोटे लाल

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1998 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **मकान न 07, देवी नगर, अम्बाला शहर, AMBALA SADAR, AMBALA, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **मकान न 07, देवी नगर, अम्बाला शहर, AMBALA SADAR, AMBALA, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-8607812563

**7.** **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चांदी राम | | | 1. थाना सदर,अम्बाला शहर,AMBALA SADAR,AMBALA,HARYANA,INDIA |

**8.** **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9.** **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10.** **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्री मान जी नकल लेख इस प्रकार है

सेवा में

इंस्पैक्टर साहब

अम्बाला मण्डल,अम्बाला।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि मैं शन्टी कुमार पुत्र श्री छोटेलाल वासी मकान नं0 07, देवी नगर थाना सदर, अम्बाला शहर का रहने वाला हूं। मै बी0ए0 पास हूं। मुकदमा नं0 18 दिनांक 12.01.2023 धारा 147, 149, 323, 341 व 506 भा0द0स0 थाना सदर, अम्बाला शहर में मेरे, मेरे भाई, मेरी बहन व अन्य दस लोगो के खिलाफ दर्ज हुआ था। उस मुकदमे में मैने व मेरे ताये के लड़के संजीव कुमार व मेरे सगे भाई रिन्कू कुमार को ए0एस0आई0 सुरेश कुमार थाना सदर अम्बाला द्वारा गिरफतार करके पेश अदालत किया गया था। जो हम तीनो जमानत पर है। उसके बाद वह मुकदमा चांदीराम पुलिस वाला जो थाना सदर अम्बाला में तैनात है, के पास चला गया था। उसके बाद यह मुकदमा अनिल कुमार थाना सदर अम्बाला के पास चला गया। जो कल दिनांक 05.04.2023 को मै व संजीव कुमार हमारे खिलाफ दर्ज मुकदमे में अनिल कुमार से मिलने के लिए गये थे, जिसने बकाया आरोपियो को पेश करने के बारे कहा था, जो आज फिर मै व संजीव कुमार थाना सदर अम्बाला में गये, वहां पर हमें हमारे खिलाफ मुकदमें के पहला पुलिस वाला चांदीराम मिला, जो चांदीराम हमारे से कहने लगा कि मैं आपके खिलाफ मुकदमें के आई0 ओ0 अनिल कुमार से कह कर नाम निकलवा दूंगा बकाया आरोपियो में से आप सिर्फ एक महिला को पेश कर देना, बाकियों को मैं तसदीक करवाकर मुकदमें से नाम कटवा दूंगा, जिसके बदले उसने मेरे भाई संजीव के सामने मुझसे 40,000 रूपये की मांग की तथा दबाव देकर कहा कि यह पैसे आज ही दे दो, तो फिर मैने व मेरे भाई संजीव ने चांदीराम पुलिस वाले से काफी रिक्वेस्ट की, जिसने हमारे को पहले कहा कि 30,000 रूपये दे दो फिर कहने लगा कि इसमें 1000 रूपये ओर मिला दो तो फिर मैने कहा कि 31,000 रूपये, तो चांदीराम पुलिस वाला कहने लगा कि नही 40,000 रूपये और कहने लगा कि 30,000 रूपय अभी दे दो और 10,000 रूपये काम होने के बाद दे देना, और दबाव देकर कहा कि आपने मुझे 30,000 रूपये नही दिये तो इस मुकदमें में मै सभी को गिरफतार करवा दूंगा। मै यह 30,000 रूपये रिश्वत के रूप में चांदीराम पुलिस वाले को नही देना चाहता जिसकी मैने रिकार्डिंग की हुई है। जिसको मैं आपको बाद में पेश कर दूंगा। 500-500 के 60 नोट कुल 30,000 रूपये मैने संजीव कुमार के सामने आपको दरखास्त के साथ पेश कर दिये है। चांदीराम ए0एस0आई0 थाना सदर अम्बाला शहर को मैं रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हूं। चांदीराम के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये।

Sd Shanti K

शन्टी कुमार पुत्र श्री छोटेलाल

वासी मकान नं0 07, देवी नगर

थाना सदर, अम्बाला शहर

मो0नं0 8607812563

दिनांक 06.04.2023

कार्यवाही पुलिसः आज दिनांक 06.04.2023 को मन निरीक्षक हाजिर थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला हूं कि शन्टी कुमार पुत्र श्री छोटे लालवासी गांव देवी नगर, थाना सदर अम्बाला, जिला अम्बाला नें हाजिर थाना आकर एक स्वंय लिखित दरखास्त बाबत मांगने रिश्वत विरूध चांदी राम, थाना सदर अम्बाला मन निरीक्षक को पेश की । शिकायतकर्ता से रेड करवाने बारे पूछताछ की और सन्तुष्ट होने उपरांत तथा उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श करने उपरांत शिकायतकर्ता को हिदायत की कि वह अपनें साथ लाई रिश्वत की राशि मन निरीक्षक को पेश करे। जिस पर शिकायतकर्ता ने मेरी हिदायत अनुसार 500-500 रूपये के 60 करसीं नम्बरी नोट कुल 30,000/- रुपये मन निरीक्षक को पेश किये, जिनको फर्द सूचि नोट द्वारा कब्जा पुलिस मे लिया गया । फर्द पर शिकायतकर्ता शन्टी कुमार उपरोक्त ने अपनें हस्ताक्षर किये। दरखास्त उपरोक्त से चांदी राम, सदर अम्बाला के द्वारा शिकायतकर्ता के विरूध अंकित अभियोग में उसके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम निकालनें की एवज में भय दिखाकर व दबाव बनाकर रिश्वत राशि 30,000/-रू की मांग करने पर सूरत जुर्म धारा 7, 7-ए पी.सी. एक्ट 1988 व धारा 384 भा.द.स. का होना पाया गया है। शिकायत पर लेख लिखकर अभियोग अंकित करवाने के लिये हवाले मोहरर थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला किया जा रहा है। कृपया लेख पर अभियोग अंकित करके अभियोग की नकल मिशल मौका व स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रैट अम्बाला व अफसरान बाला की सेवा मे भिजवाई जाये। व्हाटस-अप के माध्यम से राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति बारे आदेश प्राप्त हुये, जिनका प्रिंट लेकर लफ किया गया । जिसको सूचित किया गया । उच्च अफसरान के आदेशानुसार श्री नितिन मेहता, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंबाला को राजपत्रित अधिकारी व श्री सुख राम, SC ‘B’ (SDO) कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंबाला छाया गवाह के साथ रेडिंग पार्टी में शामिल होने बारे हाजिर

कार्यालय आये है, जिनको हालात रेड से अवगत कराकर शामिल रेडिंग पार्टी किया गया। पहले से तैयार सूचि नोट राजपत्रित अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की गई जिनके द्वारा मुताबिक सूचि नोट करंसी नोटों का मिलान किया गया व मन निरीक्षक द्वारा ब्रुश से करंसी नोटो पर फिनोल पैथालीन पाऊडर लगाकर शिकायतकर्ता की बाद लेने जामा तलाशी हवाले करसीं नोट किये गये । मन निरीक्षक मय ASI निर्भय सिंह 21/अम्बाला, ASI रोशन लाल 120/यमुनानगर,ASI दलबीर सिंह 97/करनाल व सिपाही कृष्ण कुमार न. 226/कुरूक्षेत्र के बा सवारी सरकारी गाड़ी HR03 GV 1432 जिसका चालक HC कर्मजीत सिंह न. 196/पंचकुला मय अन्य प्राईवेट गाड़ी सहित शिकायतकर्ता शन्टी कुमार व श्री नितिन मेहता, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंबाला तथा श्री सुख राम, SC 'B' (SDO) कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंबाला /छायागवाह को साथ लेकर रवाना मौका रेड का होता हूं । तफतीशी बैग, लैप्टाप व प्रिन्टर हमराह लिया गया।

अज- थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला
at. 05.40 PM
हस्ताक्षर हिंदी
बिमला देवी
महिला निरीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
अम्बाला ।
दिनांक 06.04.2023

अज थानाः- लिखित लेख उपरोक्त बाजुर्म उपरोक्त थाना में प्राप्त होने पर अभियोगांक 09 दिनांक 06.04.2023 बाजूर्म उपरोक्त थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला CCTNS पर दर्ज करके प्रथम सुचना रिपोर्ट की अलग-अलग प्रंगार प्रतिया तैयार की जाकर अभियोग की स्पैशल रिपोर्ट व नकल मिशल पुलिस मय असल लेख ई.एस.आई. रघबीर सिंह न. 91/पंचकुला के हवाले कि जाकर रवाना ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब अम्बाला व निज्द अनुसंधानकर्ता का किया गया है व हिदायत मुनासिब दी गई है । प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां उच्चाधिकारीगण को अलग से भेजी जा रही है । यह अभियोग निरीक्षक रामफल ए/43 की हाजरी मे दर्ज किया गया है ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.** **(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** BIMLA DEVI **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 1127AMB **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** ajay

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** hps

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1972 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**